जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 6812 / 2024 दिनांकः 10 अगस्त, 2024

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

विषयः–महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उ0प्र0 के पत्र संख्याः ई–6021 / 32–जी0एस0 / 2024–XVIII, दिनांकः 08 अगस्त, 2024 (संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक पदों से सम्बन्धित कतिपय सूचनाएँ निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः माननीय कुलपति जी के आदेशनुसार समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि **अधोलिखित लिंक** अथवा QR Code के माध्यम से अपने–अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित सूचनाएँ **प्रत्येक दशा में दिनांकः 11 अगस्त, 2024** तक पूरित करने का कष्ट करें, जिससे सूचनाएँ संकलित करते हुए श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी, उ0प्र0 को प्रेषित की जा सके :–

https://forms.gle/SAy7pkxroV2TBr9r7

or

https://rb.gy/v61m7n

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थः–

01. माननीय कुलपति जी।
02. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
03. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने एवं कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
04. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

<u>ई–मेल द्वारा</u>

राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

लखनऊ–226027

संख्याःई–6021 / 32–जी0एस0 / 2024-XVIII

दिनांकः 08 अगस्त, 2024

प्रेषकः

श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
<u>उत्तर प्रदेश</u>।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों (नियमित एवं स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत) की निम्नांकित बिन्दुओं पर अद्यतन स्थिति की जानकारी उच्च स्तर पर वांछित हैः–

1. विश्वविद्यालय में नियमित / स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की संख्या।
2. विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त राजकीय, ग्राण्ट–इन–ऐड एवं स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों की संख्या।

अतः उक्त के सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि पत्र के साथ संलग्न प्रारूप–1 एवं प्रारूप–2 पर अद्यतन सूचना प्रत्येक दशा में दिनांक **12.08.2024** तक ई–मेल dseducationsecup@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 पंकज एल0 जानी)
कुलाधिपति के विशेष कार्याधिकारी

<u>संलग्नकःयथोपरि</u>।

प्रतिलिपि निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, को अपर मुख्य सचिव महोदय के संज्ञानार्थ।

(हेमन्त कुमार चौधरी)
कुलाधिपति के उप सचिव

प्रारूप–2

महाविद्यालयों में पदों का वर्तमान विवरण

क्र0 सं0	पदनाम	राजकीय महाविद्यालय						ग्राण्ट–इन–ऐड महाविद्यालय						स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित महाविद्यालय						अभ्युक्ति
		शैक्षणिक संवर्ग			गैर शैक्षणिक संवर्ग			शैक्षणिक संवर्ग			गैर शैक्षणिक संवर्ग			शैक्षणिक संवर्ग			गैर शैक्षणिक संवर्ग			
		स्वीकृत	भरे	रिक्त	स्वीकृत	भरे	रिक्त	स्वीकृत	भरे	रिक्त	स्वीकृत	भरे	रिक्त	स्वीकृत	भरे	रिक्त	स्वीकृत	भरे	रिक्त	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21